Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)

## 5.1.3 - Capacity building and skills enhancement initiatives taken by the institution






Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)






Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)






Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)






Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)





Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)





Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)






सेवा योजना



Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)



स्त्री रोग संबंधी समस्याओं पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

जनता कालेज में स्त्री रोग संबंधी समस्या [illegible] करती डा. बबीता। • विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : स्थानीय जनता पीजी कालेज में वीरवार को मेडिकल लैब टेक्नोलाजी विभाग और कालेज के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ द्वारा स्त्री रोग संबंधी समस्या पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान अल्टिमा अस्पताल, चरखी दादरी की सलाहकार डा. बिंदु रानी द्वारा दिया गया। [illegible] दिया। डा. बिंदु ने महिलाओं की विभिन्न समस्याओं जैसे पीसीओडी, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की। [illegible] में डा. [illegible] उपस्थित रहीं।



जनता कॉलेज में स्त्री रोग संबंधी समस्या पर हुआ विस्तार व्याख्यान

दादरी। जनता कॉलेज में छात्राओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी।

[illegible] चरखी दादरी

मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग और कॉलेज के 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' प्रकोष्ठ द्वारा स्त्री रोग संबंधी समस्या पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया था। व्याख्यान अल्टिमा अस्पताल की सलाहकार डा. बिंदु रानी द्वारा दिया गया। डा. बिंदु ने महिलाओं की विभिन्न समस्याओं जैसे पीसीओडी, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर आदि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि ज्यादातर महिलाएं अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजर अंदाज करती हैं जो कैंसर का कारण बनती है। डा. बिंदु ने महिला आहार पर भी ध्यान दिया। उन्होंने यह भी बताया कि शारीरिक व्यायाम और जंक फूड से परहेज अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। इस अवसर पर 40 से अधिक छात्राओं ने व्याख्यान का लाभ लिया। कार्यक्रम के अंतिम में डा. सुशीला ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डा. शमीना, प्रो. हेमलता, डा. पूनम, डा. प्रीती, अनीता और इंदु भी उपस्थित थी।

Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने झुग्गी झोपड़ियों में जाकर जांचा स्वास्थ्य




झुग्गी झोपड़ियो मे स्वास्थ्य जांच अभियान चलाते जनता कालेज के विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

**जासं, चरखी दादरी** : स्थानीय जनता पीजी कालेज में प्राचार्य डा. यशवीर सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों व मेडिकल लैब टेक्नोलाजी के संयुक्त तत्वाधान में पीएच स्कूल के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रोशन लाल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के दौरान मेडिकल लैब टेक्नोलाजी की विभागाध्यक्ष डा. बबीता शर्मा व छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरिमा श्योराण के मार्गदर्शन में झुग्गी-झोपड़ियों मे रहने वाले लोगो के ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा प्रो. सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व मे खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। शिविर में यह भी बताया गया कि आने वाले समय में वर्षा के दौरान खुद को कैसे स्वस्थ रखें और बच्चो की देखभाल सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मेडिकल लैब टेक्नोलाजी के छात्र अमित, साहिल, रूपेश, रीतिका, भारती, साक्षी एवं एनएसएस स्वयंसेवक रवि यादव, अन्नु इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

दैनिक जागरण।

# जनता पीजी कालेज में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : स्थानीय जनता पीजी कालेज में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अल्टीमा अस्पताल चरखी दादरी के सहयोग से किया गया था।

प्राचार्य डा. यशवीर सिंह और महासचिव राधेश्याम ऐरन ने शिविर का उद्घाटन किया। अल्टिमा अस्पताल की डा. बिंदू ने विभिन्न स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के बारे में लड़कियों का मार्गदर्शन किया। अस्पताल से आए स्टाफ सदस्यों ने कालेज स्टाफ और छात्रों का बीपी, शुगर और ब्लड हीमोग्लोबिन टेस्ट किया। इस मौके पर डा. बबीता, डा. पूनम, डा. शमीना, नीना बंसल, सोनू ,स्टाफ के सदस्य व अन्य विद्यार्थी भी मौजूद रहीं।



स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक। • विज्ञप्ति।

# साफ्ट स्किल डिग्रियों के माध्यम से ज्ञान अर्जित करने की है कला : सुरेश



जनता पीजी कालेज मे एक दिवसीय साफ्ट स्किल कार्यशाला मे मौजूद प्रोफेसर। • विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : मंगलवार को दादरी शहर के जनता कालेज में राजनीति विज्ञान विभाग एवं कैरियर मार्गदर्शन तथा प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय साफ्ट स्किल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए विषय के ज्ञान के साथ साथ साफ्ट स्किल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम संयोजक सुरेश कुमार ने साफ्ट स्किल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साफ्ट स्किल की अवधारणा विद्यार्थी द्वारा डिग्रियों के माध्यम से अर्जित ज्ञान को क्रियान्वित करने की एक कला है। जिससे विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर सफलता के साथ अग्रसर हो सकता है। कार्यशाला के प्रथम चरण में डा. मीनाक्षी बंसल ने कहा साफ्ट स्किल किसी व्यक्ति की तकनीकी क्षमताओं के बजाय लोगों और सामाजिक स्थिति से संबंधित क्षमताओं का एक संयोजन है। जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व का स्वरूप निर्धारित होता है। जिसमें व्यक्ति का संप्रेषण कौशल, तार्किकता, सकारात्मकता, श्रवण कौशल, परिवर्तनशीलता, अनुकूलन क्षमता, कार्य नीति, समस्या निवारण कौशल ,नेतृत्व क्षमता, शारीरिक भाषा कौशल इत्यादि गुणों को विकसित करना सम्मिलित रहता है। कार्यशाला के दूसरे चरण में विषय विशेषज्ञ डा. मंजीत मान ने कहा साफ्ट स्किल अपने आप सीखने की एक प्रक्रिया है। जिसे कोई भी अपने कार्यस्थल के वातावरण से प्रभावित होकर ग्रहण करता है जो वातावरण के आधार पर सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही रूपों में हो सकता है। कार्यक्रम संयोजक डा. सुरेश कुमार जांगिड़ ने विशेषज्ञों का आभार जताया।

Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)

# जनता कॉलेज की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



दादरी। जनता कॉलेज की छात्राएं।

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

शुक्रवार को अग्रसेन भवन में जनता कॉलेज की एनएसएस की छात्रा इकाई के सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रो. नीना बंसल ने शिविर का शुभारंभ किया तथा स्वच्छता के प्रति स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया। पहले सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने लोगों को नारों के माध्यम से बेटियों की शिक्षा के प्रति अपील की। इस दौरान स्वयंसेविकाएं शहर के विभिन्न चौक व चौराहों से होते हुए शिविर स्थल पहुंची। दूसरे सत्र में डा. पूनम द्वारा पीएमकेवीआई योजना के बारे में स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया गया। तीसरे सत्र में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिताली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरिमा श्योराण ने महिला सशक्तिकरण के बारे में स्वयंसेविकाओं को बताया।

# जनता कॉलेज में स्त्री रोग संबंधी समस्या पर हुआ विस्तार व्याख्यान



दादरी। जनता कॉलेज में छात्राओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी।

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग और कॉलेज के 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' प्रकोष्ठ द्वारा स्त्री रोग संबंधी समस्या पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया था। व्याख्यान [illegible] अस्पताल की [illegible] डा. बिंदु रानी द्वारा दिया गया। डा. बिंदु ने महिलाओं की [illegible] समस्याओं जैसे [illegible], सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर आदि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि ज्यादातर महिलाएं अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजर अंदाज करती हैं जो कैंसर का कारण बनती है। डा. बिंदु ने महिला आहार पर भी ध्यान दिया। उन्होंने यह भी बताया कि शारीरिक व्यायाम और जंक फूड से परहेज अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। इस अवसर पर 40 से अधिक छात्राओं ने व्याख्यान का लाभ लिया। कार्यक्रम के अंतिम में डा. सुशीला ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डा. शमीना, प्रो. हेमलता, डा. पूनम, डा. प्रीती, अनीता और इंदु भी उपस्थित थी।

Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकाल किया जागरूक




शहर में रैली निकालतीं जनता कॉलेज की स्वयंसेविकाएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। अग्रसेन भवन में जनता कॉलेज की एनएसएस छात्रा इकाई के सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रोफेसर नीना बंसल ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रोफेसर नीना ने बताया कि पहले सत्र में स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही स्वयंसेविकाओं ने लोगों को नारों के माध्यम से बेटियों की शिक्षा के प्रति अपील की। दूसरे सत्र में डॉ. पूनम ने स्वयंसेविकाओं को पीएमकेवीआई योजना के बारे में जानकारी दी। तीसरे सत्र में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सिताली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गरिमा श्योराण ने महिला सशक्तीकरण पर विचार व्यक्त किए।

# छात्रों को आइटी क्षेत्र में रोजगार अवसरों के बारे में दी जानकारी

चरखी दादरी, विज्ञप्ति : दादरी नगर के जनता पीजी कालेज में वाणिज्य विभाग, हारट्रोन स्किल सेंटर व हाइटेक एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आइसीटी तकनीक का वाणिज्य में प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया।

मुख्य संयोजक एवं वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डा. प्रीति गुप्ता की उपस्थिति में कार्यशाला दो सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में बतौर मुख्य वक्ता हारट्रोन स्किल सेंटर निदेशक कर्मवीर ने विद्यार्थियों को आइटी क्षेत्र में कुशलता प्राप्त कर रोजगार प्राप्ति के क्षेत्रों के विषय में जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा वाणिज्य से संबंधित विभिन्न विषय विक्रय नियोजन, मानव संसाधन प्रबंध, भर्ती प्रक्रिया, ईपीएस विलय एवं अधिग्रहण पर पावर प्वाइंट के जरिए प्रस्तुति दी। इसमें साक्षी ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय व राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डा. ममता, डा. सुशीला और प्रोफेसर सन्नी महला ने निभाई। प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने आइसीटी के महत्व पर प्रकाश डाला। हिमांशु, टीना, मनीषा, अंशिका, मिनल, हितेश, कौशल, अंजलि, गोपाल, हेमलता, अन्नु उपस्थित रहे।



छात्रा को सम्मानित करते हारट्रोन स्किल सेंटर के संचालक व प्राचार्य यशवीर सिंह।

Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)

# जनता कालेज में सामाजिक व्यवस्था, कानूनी जागरूकता विषय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी शहर के जनता पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ एवं एनसीसी इकाईयों के तत्वावधान में सामाजिक व्यवस्था और कानूनी जागरूकता विषय पर मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डा. एमके जैन की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दादरी के सचिव एवं मुख्य दंडाधिकारी सौरभ कुमार के दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि पैनल अधिवक्ता दिव्यता गोयल ने कानूनी जागरूकता को सामाजिक सौहार्द का आधार बताया। दिव्यता गोयल ने कहा कि युवा शक्ति को कानूनी जागरूकता को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचारित करने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण संबंधी शिकायत के कानून के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति को दी जा सकती है। जिसके निपटाने की अवधि 90 दिन निश्चित है। उन्होंने घरेलू हिंसा से संबंधित कानून के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घरेलू हिंसा की शिकार महिलाएं कानूनी जानकारी लेकर से महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। विशिष्ट अतिथि नीफा के डायरेक्टर जसवीर फौगाट ने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति युवा शक्ति को सावधान रहने की सलाह दी। जिला बाल कल्याण परिषद से विशेषज्ञ सूबे सिंह ने बाल श्रम को सामाजिक शर्म बताते हुए बाल अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कानूनी जागरूकता को आवश्यक बताया।




जनता कालेज में सामाजिक व्यवस्था और कानूनी जागरूकता विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

कार्यक्रम के दूसरे चरण में लेखांकन एवं कम्प्यूटर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें निखिल और अर्नव की टीम ने प्रथम, साक्षी और वंशिका की टीम ने द्वितीय तथा केशव और भूषण की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नैंसी और निशा की टीम को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। प्रो. प्रीति गुप्ता ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर रितेश, लक्ष्य, योगेश, पिंकी, गीता, कोमल, शीतल, शिवम, वंश, भास्कर, मोहित इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

Website: jvmgrr.ac.in
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)

## पेड़ पौधे मनुष्य जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक हैं: प्राचार्य

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनता महाविद्यालय के चिकित्सा व स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मनुष्य, जानवर व अन्य किसी भी प्रजातियों का कोई अस्तित्व नहीं है। पेड़ पौधे प्रकृति की विनाशक गैसों को अवशोषित करके सौंदर्य करण को बढ़ाते हैं। इस मौके पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस संपूर्ण विश्व के लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि स्वास्थ्य अमूल्य संपति है। इस दौरान डॉ. शमीना, डॉ. सुशीला, डॉ. प्रीति, डा.गरिमा, नैना, डॉ. पूनम आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दांतों के बीच की सफाई मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी: डा. राणा




शिविर के दौरान विद्यार्थियों के दांतों की जांच करते डा. राणा।

भास्कर न्यूज | दादरी सिटी

जनता विद्या मंदिर गणपत राय रासीवासिया कालेज में दंत स्वास्थ्य जांच शिविर और दंत स्वच्छता पर व्याख्यान का आयोजन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग व महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इसमें डेंटल हेल्थ चेकअप कैंप और डेंटल हाइजीन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राणा डेंटल क्लिनिक के सहयोग से किया गया। डा. बबिता द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। डा. कमल राणा (पूर्व दंत चिकित्सक पीजीआईएमएस रोहतक और केएसआर हेल्थ सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक) ने मौखिक स्वच्छता और इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। डा. राणा ने बताया कि दांत शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। मुंह को साफ रखने, बीमारी और अन्य समस्याओं जैसे सांसों की बदबू से मुक्त रखने के लिए मौखिक स्वच्छता अभ्यास है। दांतों की नियमित सफाई (डेंटल हाइजीन) व दांतों के बीच की सफाई मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कालेज विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी: विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को जनता पीजी कालेज में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस संपूर्ण विश्व के लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि स्वास्थ्य अमूल्य संपत्ति है। मौके पर डा. शमीना, डा. सुशीला, डा. प्रीति, डा. गरिमा, डा. पूनम, डा. नीना और डा. नीरज मौजूद रहे।



जनता पीजी कालेज में पौधारोपण करते विद्यार्थी। • जागरण

# आईटी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : कर्मवीर

## जनता कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित की गई कार्यशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। जनता पीजी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग, हारट्रोन स्किल सेंटर व हाईटेक एजुकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आईसीटी तकनीक का वाणिज्य में प्रयोग विषय आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य संयोजक एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला दो सत्रों में संपन्न की गई। प्रथम सत्र में बतौर मुख्य वक्ता हारट्रोन स्किल सेंटर निदेशक कर्मवीर ने विद्यार्थियों को आईटी क्षेत्र में कुशलता प्राप्त कर रोजगार की अपार संभावनाएं बताईं। संदीप ने विद्यार्थियों को वाणिज्य शिक्षा में प्रयोग किए जाने वाले आईसीटी यंत्रों के बारे में बताया।

डॉ. प्रीति गुप्ता ने ई-कामर्स के अंतर्गत विभिन्न विषयों ई-बैंकिंग, ई-शापिंग, ई-बिजनेस, ई-लर्निंग आदि विषयों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी इनकी जानकारी हासिल कर अपना कौशल विकास कर सकते हैं। दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने वाणिज्य से संबंधित विभिन्न विषयों विक्रय नियोजन, मानव संसाधन प्रबंध, भर्ती प्रक्रिया, ईपीएस विलय एवं अधिग्रहण आदि विषयों पर पावर प्वाइंट के जरिए प्रस्तुति दी।

इसमें साक्षी प्रथम, वंशिका ने द्वितीय व राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. ममता, डॉ. सुशीला और प्रोफेसर सन्नी मेहता ने निभाई। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान युग में आईसीटी के प्रयोग को जाने बिना जीवन में सफलता प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए मुश्किल कार्य है। कार्यक्रम में हिमांशु, टीना, मनीषा, अंशिका, मिनल, हितेश, कौशल, अंजलि, गोपाल, हेमलता, अन्नु आदि उपस्थित रहे।



जनता कॉलेज में विजेता को सम्मानित करते प्राचार्य व सहायक प्रोफेसर। स्रोत: संस्थान

# जनता कॉलेज में हुई स्लोगन लेखन प्रतियोगिता



दादरी सिटी। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

भास्कर न्यूज | दादरी सिटी

सोमवार को स्थानीय जनता महाविद्यालय में चिकित्सा व स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग सभी विभागों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य डा. यशवीर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्तम स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा उजागर होती है। सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान डा. सुशीला, डा. पूनम, डा. प्रीति, डा. छाजूराम, डा. शमीना आदि मौजूद रही।